हिन्दुस्तान | www.livehindustan.com
जमशेदपुर, शुक्रवार, 12 जुलाई 2024 

# एनएसयू के विद्यार्थियों को मिला आकर्षक जॉब



गुरुवार को नेताजी सुभाष विवि में शिक्षक संग कैंपस सेलेक्शन में चयनित अभ्यर्थी।

जमशेदपुर। नेताजी सुभाष विवि के विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने के लिए निरंतर विवि की ओर से प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। पिछले दिनों विवि की प्लेसमेंट ईकाई द्वारा आयोजित ड्राइव में बीबीए विभाग के आयुष सिंह, एमबीए की श्वेता कुमारी, बीसीए के हिमांशु तिवारी और एमसीए के अश्विनी कुमार का चयन एक्स्ट्रा मार्क्स में स्टूडेंट रिलेशन ऑफिसर और ट्रेनर के पद पर हुआ है। चयनित सभी विद्यार्थियों को औसतन 5 लाख के वार्षिक अनुबंध पर रोजगार के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।